**प्रेस हेतु सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं.129/2023)**

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण**

**नई दिल्ली, 5 दिसम्बर, 2023**

**तुरंत जारी करने हेतु** वेबसाइटः **www.trai.gov.in**

**"30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए**
**"भारतीय दूरसंचार सेवा निष्पादन संकेतक रिपोर्ट"**

आज भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने **30 जून, 2023** को समाप्त तिमाही के लिए "भारतीय दूरसंचार सेवा निष्पादन संकेतक रिपोर्ट" जारी की है। यह रिपोर्ट दूरसंचार सेवाओं का एक व्यापक परिदृश्य उपलब्ध कराती है तथा **1 अप्रैल, 2023 से 30 जून, 2023** की अवधि के लिए भारत में दूरसंचार सेवाओं के साथ-साथ केबल टेलीविजन, डीटीएच तथा रेडियो प्रसारण सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण मानदण्ड तथा विकास के रूझानों को प्रस्तुत करती है। इसे सेवा प्रदाताओं द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर संकलित किया गया है।

उक्त रिपोर्ट का कार्यकारी सारांश यहाँ संलग्न है। संपूर्ण रिपोर्ट भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण की वेबसाईट **www.trai.gov.in** और लिंक http://www. trai.gov.in/release-publication/reports/performance-indicators-reports) पर उपलब्ध है। इस रिपोर्ट से संबंधित किसी भी सुझाव या स्पष्टीकरण के लिए श्री अमित शर्मा, सलाहकार (एफएण्डईए), भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, नई दिल्ली से दूरभाष-011-23234367 एवं ई-मेल advfea2@trai.gov.in पर संपर्क किया जा सकता है।

वि. रघुनंदन


**वि. रघुनन्दन)**
**सचिव, भा.दू.वि.प्रा.**

## भारतीय दूरसंचार सेवा निष्पादन संकेतक रिपोर्ट
## अप्रैल से जून, 2023

### कार्यकारी सारांश

1. इंटरनेट उपभोक्ताओं की कुल संख्या जून, 2023 के अंत में बढ़कर 895.83 मिलियन हो गई जो कि मार्च, 2023 के अंत में 881.25 मिलियन थी जिसमें 1.65 प्रतिशत की तिमाही वृद्धि दर दर्ज की गई। कुल 895.83 मिलियन इंटरनेट उपभाक्ताओं में से वायरलाईन इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 35.54 मिलियन तथा वायरलेस इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 860.29 मिलियन है।

**इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या का वितरण**




2. इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या में ब्रॉडबैंड इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 861.47 मिलियन और नैरोबैंड इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 34.36 मिलियन है।

3. ब्राडबैंड इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या जून, 2023 के अंत में बढ़कर 861.47 मिलियन हो गई जो कि मार्च, 2023 के अंत में 846.57 मिलियन थी जिसमें 1.76 प्रतिशत की तिमाही वृद्धि दर दर्ज की गई। नैरोबैंड इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या भी जून, 2023 के अंत में घटकर 34.36 मिलियन हो गई जो कि मार्च, 2023 के अंत में 34.69 मिलियन थी।

4. वायरलाइन उपभोक्ताओं की संख्या जून, 2023 के अंत में बढ़कर 30.31 मिलियन हो गयी जो कि मार्च, 2023 के अंत में 28.41 मिलियन थी जिसमें 6.70 प्रतिशत की तिमाही वृद्धि दर दर्ज की गई और जून, 2023 को समाप्त तिमाही अवधि के लिए वायरलाइन उपभोक्ताओं की संख्या में वर्ष-दर-वर्ष (वाई.ओ.वाई.) 18.58 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

5. वायरलाइन दूरसंचार घनत्व 6.47 प्रतिशत की तिमाही वृद्धि दर के साथ जून, 2023 के अंत में बढ़कर 2.18 प्रतिशत हो गया जो कि मार्च, 2023 के अंत में 2.05 प्रतिशत था।

6. वायरलेस दूरसंचार सेवा के लिए प्रति उपभोक्ता मासिक औसत राजस्व (एआरपीयू) 2.33 प्रतिशत तिमाही वृद्धि दर के साथ जून, 2023 को समाप्त तिमाही में बढ़कर 145.64 रुपए हो गया जो कि मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही को 142.32 रुपए था। इसी तिमाही में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर मासिक एआरपीयू में 9.05 प्रतिशत की दर से वृद्धि हो गया।

7. वायरलेस सेवा के लिए प्रतिमाह प्रीपेड एआरपीयू जून, 2023 को समाप्त तिमाही में बढ़कर 143.81 रूपए हो गया जो कि मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही को 139.63 रूपए था हालांकि इसी तिमाही के दौरान प्रतिमाह पोस्ट-पेड एआरपीयू 173.50 रुपए से घटकर 166.22 रुपए हो गया।

8. अखिल भारतीय औसत आधार पर जीएसएम सेवा के लिए 1.45 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ समग्र उपयोग की गई मिनट (एमओयू) प्रति उपभोक्ता प्रतिमाह जून, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए बढ़कर 960 मिनट हो गया जो कि मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए 946 मिनट था।

9. वारयलेस प्रीपेड सेवा के लिए जून, 2023 को समाप्त तिमाही में एमओयू प्रति उपभोक्ता प्रति माह बढ़कर 1000 मिनट हो गया जो कि मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही में 983 मिनट था। पोस्ट-पेड एमओयू प्रति उपभोक्ता प्रति माह जून, 2023 को समाप्त तिमाही में घटकर 509 मिनट हो गया जो कि मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही में 518 मिनट था।

10. जून, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए दूरसंरचार सेवा क्षेत्र हेतु सकल राजस्व (जीआर), प्रयोज्य सकल राजस्व (एपीजीआर) तथा समयोजित सकल राजस्व (एजीआर) क्रमशः 80,899 करोड़ रुपए, 78,349 रुपए तथा 65,624 करोड़ रुपए रहा। जून, 2023 को समाप्त तिमाही में पिछली तिमाही के मुकाबले जीआर में 5.22 प्रतिशत की गिरावट, एपीजीआर में 0.36 प्रतिशत की गिरावट दर तथा एजीआर में 1.75 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई।


11. पिछले वर्ष की इसी तिमाही में जीआर, एपीजीआर तथा एजीआर में वर्ष-दर-वर्ष (वाई.ओ.वाई.) वृद्धि दर क्रमशः 5.88 प्रतिशत, 6.17 प्रतिशत तथा 8.42 प्रतिशत दर्ज की गई।

12. जून, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए पास-थ्रू-प्रभार पिछले तिमाही के 14,725 करोड़ रुपए से घटकर 13,220 करोड़ रुपए हो गया। पास-थ्रू-प्रभार में तिमाही गिरावट दर 10.22 प्रतिशत और वर्ष-दर-वर्ष आधार पर गिरावट दर 1.46 प्रतिशत रही।

13. जून, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए लाइसेंस शुल्क बढ़कर 5,246 करोड़ रुपए हो गया जो कि मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए 5,159 करोड़ रुपए था। इस

तिमाही के दौरान लाइसेंस शुल्क में तिमाही तथा वार्षिक वृद्धि दर क्रमशः 1.69 प्रतिशत तथा 8.30 प्रतिशत रही।


**<u>समायोजित सकल राजस्व का वितरण</u>**




14. एक्सेस सेवाओं ने दूरसंचार सेवाओं के कुल समायोजित सकल राजस्व में 80.52 प्रतिशत का योगदान दिया। जून, 2023 को समाप्त तिमाही में एक्सेस सेवाओं में सकल राजस्व (जीआर), प्रयोज्य सकल राजस्व (एपीजीआर), समायोजित सकल राजस्व (एजीआर), लाइसेंस शुल्क, स्पेक्ट्रम उपयोग प्रभार (एसयूसी) एवं पास-थ्रू प्रभारों में क्रमशः -6.34 प्रतिशत, -0.06 प्रतिशत, 2.34 प्रतिशत, 2.20 प्रतिशत, 8.41 प्रतिशत एवं -11.90 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई।

15. देश में दूरसंचार उपभोक्ताओं की संख्या जून, 2023 के अंत में बढ़कर 1,173.89 मिलियन हो गई जो कि मार्च, 2023 के अंत में 1,172.34 मिलियन थी, जिसमें पिछली तिमाही की तुलना में 0.13 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई। पिछले वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष (वाई.ओ.वाई) आधार पर दूरसंचार उपभोक्ताओं की संख्या में 0.08 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई। देश में समग्र दूरसंचार घनत्व 31 मार्च, 2023 को 84.51 प्रतिशत से घटकर 30 जून, 2023 को 84.43 प्रतिशत रहा।

## देश में टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या तथा दूरसंचार घनत्व का रूझान





16. जून, 2023 के अंत तक शहरी क्षेत्रों में दूरसंचार उपभोक्ताओं की संख्या घटकर 653.70 मिलियन हो गई जो कि मार्च, 2023 के अंत में 653.71 मिलियन थी और इसी अवधि के दौरान शहरी दूरसंचार घनत्व 133.81 प्रतिशत से घटकर 133.19 प्रतिशत हो गया।

17. जून, 2023 के अंत तक ग्रामीण क्षेत्रों में दूरसंचार उपभोक्ताओं की संख्या बढ़कर 520.19 मिलियन हो गई जो कि मार्च 2023 के अंत तक 518.63 मिलियन थी और इसी अवधि के दौरान ग्रामीण दूरसंचार घनत्व भी 57.71 प्रतिशत से बढ़कर 57.83 प्रतिशत हो गया।

18. कुल दूरसंचार उपभोक्ताओं की संख्या में से, ग्रामीण उपभोक्ताओं की हिस्सेदारी जून, 2023 के अंत तक बढ़कर 44.31 प्रतिशत हो गई जो कि मार्च, 2023 के अंत तक 44.24 प्रतिशत थी।

## दूरसंचार उपभोक्ताओं की संख्या का वितरण




19. इस तिमाही के दौरान 0.35 मिलियन वायरलेस उपभोक्ताओं की संख्याओं में निबल गिरावट के साथ कुल वायरलेस उपभोक्ताओं की संख्या जून, 2023 के अंत तक घटकर 1,143.58 मिलियन हो गई जो कि मार्च, 2023 के अंत तक 1,143.93 मिलियन थी, जिसमें पिछली तिमाही की तुलना में 0.03 प्रतिशत की ह्रास दर दर्ज की गई। इसी दौरान वर्षिक आधार पर वायरलेस उपभोक्ताओं की संख्या में 0.33 प्रतिशत की ह्रास दर दर्ज की गयी।

20. वायरलेस दूरसंचार घनत्व 0.25 प्रतिशत की तिमाही ह्रास दर के साथ जून, 2023 के अंत में घटकर 82.25 प्रतिशत हो गया जो कि मार्च, 2023 के अंत में 82.46 प्रतिशत था।

21. इस तिमाही के दौरान, वायरलाइन सेवा प्रदाताओं द्वारा क्यूओएस बेंचमार्क के संदर्भ में निम्नलिखित मापदंडों का पूरी तरह से अनुपालन किया गया है: -

i. 'फॉल्ट रिपेयर' प्रति 100 उपभोक्ता/महीने में फॉल्ट की संख्या) ≤ 7

ii. प्वाइंट ऑफ इंटरकनेक्शन' (पीओआई) कंजेशन (बेंचमार्क को पूरा नहीं करने वाले पीओआई की संख्या) ≤ 0.5%

iii. 'मीटरिंग और बिलिंग' मीटरिंग और बिलिंग क्रेडिबिलिटी-पोस्ट-पेड ≤ 0.1%

iv. मीटरिंग और बिलिंग क्रेडिबिलिटी - प्री-पेड ≤ 0.1%

v. 4 सप्ताह के भीतर बिलिंग/चार्जिंग/क्रेडिट और वैधता शिकायतों का 98% समाधान

vi. 6 सप्ताह के भीतर बिलिंग/चार्जिंग क्रेडिट और वैधता शिकायतों का 100% समाधान

vii. शिकायत के समाधान के 1 सप्ताह के भीतर ग्राहक के 100% क्रेडिट/छूट/समायोजन लागू करने की अवधि

22. वायरलाइन सेवा प्रदाताओं द्वारा क्यूओएस में पिछली तिमाही की तुलना में निम्नलिखित मापदंडों में सुधार दिखाया गया है: -

i. % फॉल्ट को अगले कार्य दिवस के भीतर ठीक किया गया (शहरी क्षेत्रों के लिए) ≥ 85%

ii. % फॉल्ट को 5 दिनों के भीतर ठीक किया गया (शहरी क्षेत्रों के लिए) 100%

iii. % फाल्ट 7 दिनों के भीतर ठीक किया गया (ग्रामीण और पहाड़ी क्षेत्रों के लिए) 100%

iv. 'मरम्मत का औसत समय' (एमटीटीआर) ≤ 10 घंटे

v. समाप्ति/सेवा बंद करना <7 दिन

23. वायरलाइन सेवा प्रदाताओं द्वारा क्यूओएस में पिछली तिमाही की तुलना में निम्नलिखित मापदंडों में गिरावट दर्ज की गई है: -

i. कॉल सेंटर/ग्राहक सेवा की उपलब्धता ≥ 95%

ii. नब्बे सेकंड के भीतर ऑपरेटरों (वॉयस टू वॉइस) द्वारा उत्तर दिए गए कॉल का प्रतिशत ≥ 95%

24. इस तिमाही के दौरान, सभी सेल्युलर मोबाइल सेवा प्रदाताओं द्वारा पिछली तिमाही की तुलना में पूरी तरह से अनुपालन किए गए मापदंडों की सूची: -

i. बीएस संचित डाउन-टाइम (सेवा के लिए उपलब्ध नहीं) (%) ≤ 2%

ii. सर्किट स्विच्ड वॉयस या वीओएलटीई के लिए कॉल सेट-अप सफलता दर और सत्र स्थापना सफलता दर, जैसा लागू हो (लाइसेंसधारी के अपने नेटवर्क के भीतर) ≥ 95%

iii. एसडीसीसीएच/पेजिंग चैनल कंजेशन/आरआरसी कंजेशन (%) ≤ 1%

iv. टीसीएच, आरएबी और ई-आरएबी कंजेशन (%) ≤ 2%

v. नेटवर्क क्यूओएस डीसीआर अस्थायी वितरण उपाय [नेटवर्क_ क्यूटीडी (90,90)] ≤ 2%

vi. नेटवर्क क्यूओएस डीसीआर अस्थायी वितरण उपाय [नेटवर्क_ क्यूटीडी (97,90)] ≤ 3%

vii. अच्छी आवाज की गुणवत्ता, सर्किट स्विच्ड आवाज की गुणवत्ता और VoLTE गुणवत्ता के साथ कनेक्शन ≥ 95%

viii. डाउन लिंक (डीएल) पैकेट ड्रॉप दर या डीएल - पीडीआर ≤ 2%

ix. अप लिंक (यूएल) पैकेट ड्रॉप दर या यूएल-पीडीआर ≤ 2%

x. प्वाइंट ऑफ इंटरकनेक्शन (पीओआई) कंजेशन (बेंचमार्क को पूरा नहीं करने वाले पीओआई की संख्या) ≤ 0.5%

xi. मीटरिंग और बिलिंग क्रेडिबिलिटी-पोस्टपेड ≤ 0.1%

xii. मीटरिंग और बिलिंग क्रेडिबिलिटी-प्रीपेड ≤ 0.1%

xiii. 4 सप्ताह के भीतर बिलिंग/चार्जिंग/वैधता शिकायतों का समाधान - 98%

xiv. 6 सप्ताह के भीतर बिलिंग/चार्जिंग/वैधता शिकायतों का समाधान - 100%

xv. शिकायत के समाधान के 1 सप्ताह के भीतर समाधान की तिथि से ग्राहक के खाते में क्रेडिट/छूट/समायोजन लागू करने की अवधि

xvi. समाप्ति/सेवा बंद करना <7 दिन

xvii. सेवा बंद होने के बाद जमा की वापसी के लिए लिया गया समय (60 दिनों के भीतर 100%)

25. सेलुलर मोबाइल सेवा प्रदाताओं द्वारा क्यूओएस में पिछली तिमाही की तुलना में निम्नलिखित मापदंडों में सुधार दिखाई है: -

i. नब्बे सेकंड के भीतर ऑपरेटरों (वॉयस टू वॉइस) द्वारा उत्तर दिए गए कॉल का प्रतिशत ≥ 95%

26. सेलुलर मोबाइल सेवा प्रदाताओं द्वारा क्यूओएस में पिछली तिमाही की तुलना में निम्नलिखित मापदंडों में गिरावट दिखाई है: -

i. डाउन-टाइम (%) ≤ 2% के कारण सबसे बुरी तरह प्रभावित बीएस

ii. कॉल सेंटर/ग्राहक सेवा की उपलब्धता ≥ 95%

27. सूचना और प्रसारण मंत्रालय (MIB) द्वारा कुल लगभग 903 निजी उपग्रह टीवी चैनलों को केवल अपलिंकिंग/केवल डाउनलिंकिंग/अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग दोनों के लिए अनुमति दी गई है।

28. संशोधित टैरिफ आदेश दिनांक 3 मार्च 2017 के अनुसरण में प्रसारकों द्वारा की गई रिपोर्टिंग के अनुसार, भारत में डाउनलिंकिंग के लिए उपलब्ध 892 अनुमत सैटेलाइट टीवी चैनलों में से, 30 जून 2023 तक, 360 सैटेलाइट पे टीवी चैनल हैं। 360 पे चैनलों में, 256 एसडी सैटेलाइट पे टीवी चैनल हैं और 104 एचडी सैटेलाइट पे टीवी चैनल हैं।

29. वर्ष 2003 में अस्तित्व में आने के समय से भारतीय डीटीएच सेवा में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है। देश में पे-डीटीएच सेवा प्रदाताओं की संख्या जून 2023 के अंत में 4 थी।

30. देश में पे-डीटीएच के कुल औसत सक्रिय उपभोक्ताओं की संख्या 30 जून, 2023 को लगभग 65.50 मिलियन हो गई है। यह संख्या दूरदर्षन के निःशुल्क डीटीएच सेवा के उपभोक्तओं की संख्या के अलावा है। कुल सक्रिय ग्राहक बेस तिमाही मार्च 2023 में 65.25 मिलियन से बढ़कर तिमाही जून 2023 में 65.50 मिलियन हो गया है।

31. आल इंडिया रेडियो-सार्वजनिक प्रसारक द्वारा प्रचालित रेडियो स्टेशनों के अलावा, दिनांक 30 जून, 2023 को 36 एफएम प्रसारकों के द्वारा उपलब्ध कराये गये आंकड़ों के अनुसार 113 शहरों में कुल 388 निजी एफएम रेडियो स्टेशन कार्य कर रहे थे। पिछली तिमाही की तुलना में, इस तिमाही में निजी एफएम रेडियो चैनलों, शहरों और एफएम रेडियो ऑपरेटरों की संख्या में कोई बदलाव नहीं हुआ है

32. प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, विज्ञापन से प्राप्त कुल आय 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही में 388 निजी एफएम रेडियो स्टेशन के लिए 389.97 करोड़ रूपये रही जो कि 31 मार्च, 2020 को समाप्त तिमाही में 388 निजी एफएम रेडियो स्टेशन के लिए 388.97 करोड़ रूपये थी।

33. सूचना और प्रसारण मंत्रालय से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर 30 जून, 2023 को देश में कुल 446 सामुहिक रेडियो स्टेशन कार्यरत हैं।

# मुख्य झलकियां

| 30 जून, 2023 की स्थिति के अनुसार डाटा | |
|---|---|
| **दूरसंचार उपभोक्ता (वायरलैस+वायरलाइन)** | |
| कुल उपभोक्ता | 1,17.89 मिलियन |
| पिछले तिमाही की तुलना में प्रतिशत में परिवर्तन | 0.13 प्रतिशत |
| शहरी उपभोक्ता | 653.70 मिलियन |
| ग्रामीण उपभोक्ता | 520.19 मिलियन |
| निजी प्रचालकों की बाजार हिस्सेदारी | 90.60 प्रतिशत |
| सार्वजनिक क्षेत्र के प्रचालकों की बाजार हिस्सेदारी | 9.40 प्रतिशत |
| दूरसंचार घनत्व | 84.43 प्रतिशत |
| शहरी दूरसंचार घनत्व | 133.19 प्रतिशत |
| ग्रामीण दूरसंचार घनत्व | 57.83 प्रतिशत |
| **वायरलैस उपभोक्ता** | |
| कुल वायरलैस उपभोक्ता | 1,143.58 मिलियन |
| पिछली तिमाही की तुलना में प्रतिशत में परिवर्तन | -0.03 प्रतिशत |
| शहरी उपभोक्ता | 626.07 मिलियन |
| ग्रामीण उपभोक्ता | 517.51 मिलियन |
| निजी प्रचालकों की बाजार हिस्सेदारी | 91.11 प्रतिशत |
| सार्वजनिक क्षेत्र के प्रचालकों की बाजार हिस्सेदारी | 8.89 प्रतिशत |
| दूरसंचार घनत्व | 82.25 प्रतिशत |
| शहरी दूरसंचार घनत्व | 127.56 प्रतिशत |
| ग्रामीण दूरसंचार घनत्व | 57.53 प्रतिशत |
| तिमाही के दौरान वायरलेस डाटा यूसेज | 44,967 पेगाबाईट |
| पब्लिक मोबाईल रेडियो ट्रंक सेवा (पीएमआरटीएस) की कुल संख्या | 64,839 |
| वीसैट की कुल संख्या | 2,52,823 |
| **वायरलाइन उपभोक्ता** | |
| कुल वायरलाइन उपभोक्ता | 30.31 मिलियन |
| पिछली तिमाही की तुलना में प्रतिशत में परिवर्तन | 6.70 प्रतिशत |
| शहरी उपभोक्ता | 27.63 मिलियन |
| ग्रामीण उपभोक्ता | 2.68 मिलियन |
| सार्वजनिक क्षेत्र के प्रचालकों की बाजार हिस्सेदारी | 31.04 प्रतिशत |
| निजी प्रचालकों की बाजार हिस्सेदारी | 68.96 प्रतिशत |
| दूरसंचार घनत्व | 2.18 प्रतिशत |
| ग्रामीण दूरसंचार घनत्व | 0.30 प्रतिशत |
| शहरी दूरसंचार घनत्व | 5.63 प्रतिशत |
| ग्रामीण पब्लिक टेलीफोन की संख्या (वीपीटी) | 68,606 |
| पब्लिक काल आफिसों की संख्या (पीसीओ) | 36,259 |

| दूरसंचार वित्तीय आंकडे | |
|---|---|
| तिमाही के दौरान सकल राजस्व (जीआर) | 80,899 करोड़ रुपए |
| पिछली तिमाही की तुलना में जीआर में प्रतिशत परिवर्तन | -5.22 प्रतिशत |
| तिमाही के दौरान प्रयोज्य सकल राजस्व (एपीजीआर) | 78,349 करोड़ रुपए |
| पिछली तिमाही की तुलना में एपीजीआर में प्रतिशत परिवर्तन | -0.36 प्रतिशत |
| तिमाही के दौरान समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) | 65,624 करोड़ रुपए |
| पिछली तिमाही की तुलना में एजीआर में प्रतिशत परिवर्तन | 1.75 प्रतिशत |
| एक्सेस एजीआर में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों की हिस्सेदारी | 4.15 प्रतिशत |
| **इंटरनेट/ब्राडबैंड उपभोक्ता** | |
| कुल इंटरनेट उपभोक्ता | 895.83 मिलियन |
| पिछली तिमाही की तुलना में प्रतिशत में परिवर्तन | 1.65 प्रतिशत |
| नैरोबैंड उपभोक्ता | 34.36 मिलियन |
| ब्राडबैंड उपभोक्ता | 861.47 मिलियन |
| वाययलाईन इंटरनेट उपभोक्ता | 35.54 मिलियन |
| वायरलैस इंटरनेट उपभोक्ता | 860.29 मिलियन |
| शहरी इंटरनेट उपभोक्ता | 530.12 मिलियन |
| ग्रामीण इंटरनेट उपभोक्ता | 365.71 मिलियन |
| प्रति 100 जनसंख्या पर कुल इंटरनेट उपभोक्ता | 64.43 |
| प्रति 100 जनसंख्या पर कुल शहरी इंटरनेट उपभोक्ता | 108.01 |
| प्रति 100 जनसंख्या पर कुल ग्रामीण इंटरनेट उपभोक्ता | 40.66 |
| सार्वजनिक वाई-फाई हॉटस्पॉट की संख्या | 1,65,727 |
| कुल खपत डेटा (जीबी) | 69,50,508 |
| **प्रसारण और केबल सेवाएं** | |
| केवल अपलिकिंग/केवल डाऊनलिकिंग/अपलिंकिंग एवं डाउनलिंकिंग दोनों के लिये सूचना और प्रसारण मंत्रालय के साथ पंजीकृत निजी उपग्रह टेलीविजन चैनलों की संख्या | 903 |
| प्रसारकों के द्वारा रिपोर्ट किये गये पे-टीवी चैनलों की संख्या | 360 |
| निजी एफएम रेडियो स्टेशनों की संख्या (आकाशवाणी के अलावा) | 388 |
| पे-डीटीएच सेवा प्रदाताओं के कुल सक्रिय उपभोक्ताओं की संख्या | 65.50 मिलियन |
| चालू कम्यूनिटी रेडियो स्टेशनों की संख्या | 446 |
| पे-डीटीएच सेवा प्रदाताओं की संख्या | 4 |
| **राजस्व और उपयोग मानदण्ड** | |
| वायरलेस सेवा हेतु प्रति उपभोक्ता औसत मासिक आय (एआरपीयू) (जीएसएमए एलटीई सहित) | 145.64 रुपए |
| वायरलेस सेवा के लिए प्रति उपभोक्ता प्रतिमाह उपयोग मिनट (एमओयू) (जीएसएमए एलटीई सहित) | 960 मिनट |
| इंटरनेट टेलीफोनी हेतु कुल बहिर्गामी (आऊटगोईंग) उपयोग मिनट | 75.34 मिलियन |
| **मोबाइल उपभोक्ताओं के द्वारा डाटा उपयोग** | |
| वायरलेस सेवा हेतु प्रति उपभोक्ता प्रतिमाह औसत डाटा उपयोग | 18.39 जीबी |
| तिमाही के दौरान वायरलेस सेवा के लिए प्रति जीबी डाटा प्रयोग के लिए औसत मूल्य | 9.44 रुपए |